# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**15 August 2026**

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में किस राज्य की पुलिस ने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों के लिए इंटर्नशिप योजना शुरू की है ?**

(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) बीकानेर
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान पुलिस ने शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों के लिए इंटर्नशिप योजना शुरू की है, जिसके तहत कानून के छात्र पुलिस के साथ इंटर्न के रूप में काम कर व्यावहारिक पुलिसिंग का अनुभव हासिल कर सकेंगे।

- राजस्थान पुलिस इंटर्नशिप योजना' के तहत भारत और विदेश के विश्वविद्यालयों से स्नातक, स्नातकोत्तर या पीएचडी पाठ्यक्रम कर रहे कानून के छात्र पात्र होंगे। वे पुलिस की विभिन्न शाखाओं, इकाइयों, ब्यूरो और मैदानी इकाइयों के साथ इंटर्नशिप कर सकेंगे।
- इंटर्न को पुलिसिंग, आपराधिक न्याय प्रणाली, फॉरेंसिक विज्ञान, साइबर कानून और इससे जुड़े कानूनी विषयों का व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। वे नीति विश्लेषण, आंकड़े जुटाने और शोध कार्य में भी सहयोग करेंगे।
- पात्रता मानदंड के अनुसार, आवेदक ने 12वीं कक्षा में कम से कम 60 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष अंक हासिल किए होने चाहिए।
- बयान के मुताबिक इंटर्नशिप की न्यूनतम अवधि 45 दिन होगी और इसे अधिकतम तीन महीने तक बढ़ाया जा सकता है।

**Yesterday revision**

प्रश्न 1: राजस्थान में खेजड़ी और रोहिड़ा समेत 29 महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियों को कानूनी संरक्षण देने के लिए हाल ही में किस बिल को मंजूरी दी गई है?
उत्तर: 'द राजस्थान ट्रीज (प्रोटेक्शन) बिल, 2026'
प्रश्न 2: राजस्थान में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के सुचारू संचालन एवं संधारण (O&M) के लिए कितने स्तर का प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जाएगा?
उत्तर: 5-स्तरीय (ग्राम पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक)
प्रश्न 3: शिक्षा, स्वास्थ्य और जल विकास जैसे सामाजिक कार्यों में योगदान देने के इच्छुक प्रवासी राजस्थानियों के लिए राज्य सरकार ने कौन सा पोर्टल शुरू किया है?
उत्तर: राजस्थान डेवलपमेंट सपोर्ट पोर्टल
प्रश्न 4: राजस्थान में स्मार्ट शिक्षा, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए कितने सरकारी स्कूलों को 'सीएम राइज मॉडल स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा?
उत्तर: 400 सरकारी स्कूलों को
प्रश्न 5: भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत, अगस्त 2026 में ब्रिक्स देशों के पर्यटन कार्य समूह और पर्यटन मंत्रियों की बैठक का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?
उत्तर: जयपुर, राजस्थान में

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 50,000 मेगावाट से अधिक पहुंच गई।

(B) गुजरात के बाद राजस्थान 50 गीगावाट (50k मेगावाट) अक्षय ऊर्जा का स्तर छूने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

## राज्य की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 50 हजार मेगावाट के पार

• प्रदेश की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 50,000 मेगावाट से अधिक पहुंच गई।

गुजरात के बाद राजस्थान 50 गीगावाट (50k मेगावाट) अक्षय ऊर्जा का स्तर छूने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया।

• इसमें 44,135 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है, जो देश की कुल स्थापित सौर ऊर्जा का 27% है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) 13 अगस्त 2026 को राजस्थान राज्य मंत्रिमंडल ने 'द राजस्थान यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) विधेयक-2026' के प्रारूप का अनुमोदन किया।

(2) विवाह और तलाक का पंजीकरण 60 दिनों के भीतर कराना अनिवार्य होगा।

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 13 अगस्त कैको आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप ‘द राजस्थान यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) विधेयक-2026’ के प्रारूप का अनुमोदन किया।
- इसे अब विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा।विवाह पंजीकरण अनिवार्य एवं बहुविवाह निषेध किया गया है।
- इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य राज्य में विवाह, विवाह विच्छेद (तलाक), उत्तराधिकार, भरण-पोषण तथा लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े कानूनों को एक समान, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप देना है।
- विवाह और तलाक का पंजीकरण 60 दिनों के भीतर कराना अनिवार्य होगा।
- इस विधेयक के प्रावधान अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदायों और उनके संरक्षित पारंपरिक रिवाजों पर लागू नहीं होंगे।
- उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर यह प्रारूप तैयार किया गया है।

**03. हाल ही में नागौर में आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता है**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) नागौर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- नागौर में आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बीकानेर ने जीत लिया। फाइनल में बीकानेर ने कोटा को 4-1 से हराया।
- बीकानेर के भरत सिंह ने 5वें, 27वें और 60वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगाई, जबकि कौस्तुभ ने 65वें मिनट में एक गोल किया। कोटा की ओर से जयवर्धन ने 20वें मिनट में गोल किया।
- भरत सिंह को बेस्ट प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले बीकानेर के आशु सिंह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्हें पुरस्कार स्वरूप साइकिल दी गई।
- समापन समारोह में विजेता बीकानेर और उपविजेता कोटा की टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान के सुरेंद्र सिंह राणावत और महेंद्र कुमार भगत को राष्ट्रपति पुलिस पदक मिलेगा

(2) राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिष्ठित पुलिस पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

स्वतंत्रता दिवस 2026 के पूर्व संध्या पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राजस्थान पुलिस के 16 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिष्ठित पुलिस पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

👁️‍🗨️ केंद्रीय गृह मंत्रालय0 द्वारा जारी सूची के अनुसार, सहायक पुलिस आयुक्त आमेर सुरेंद्र सिंह राणावत और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज्य विशेष शाखा श्री महेंद्र कुमार भगत को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है।

👁️‍🗨️ इसी क्रम में सराहनीय सेवाओं के लिए राज्य के 14 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस पदक देने का ऐलान किया गया है।

**05. जयपुर में आयोजित 5वीं राज्य ताइक्वांडो चैम्पियनशिप-2026 में सान्वी ने फर्स्ट पी-वी ऑफिशियल के 16 किलोग्राम भार वर्ग में कौनसा पदक जीता।**

(A) रजत

(B) स्वर्ण

(C) कांस्य

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

'जयपुर में आयोजित 5वीं राज्य ताइक्वांडो चैम्पियनशिप-2026 में सान्वी ने फर्स्ट पी-वी ऑफिशियल के 16 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता।

👁️ सान्वी ने प्रतियोगिता में अंतिम दौर तक प्रभावी प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

👁️ कोच नितिन जोलिया

जयपुर, गुरुवार, 13 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-175

1. **आपराधिक** न्याय प्रणाली, फोरेंसिक का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा कौन-सी योजना शुरू की गई है?
(A) राजस्थान पुलिस युवा मित्र योजना
(B) राजस्थान पुलिस अवैतनिक प्रशिक्षुता योजना
(C) मुख्यमंत्री विधि संवर्धन योजना
(D) राजस्थान पुलिस साइबर फेलोशिप प्रोग्राम

2. **राष्ट्रीय** हथकरघा दिवस 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट 'कॉटन एवं सिल्क साड़ी' निर्माण के लिए 'प्रथम पुरस्कार' से किसे सम्मानित किया गया?
(A) कानाराम (डीगांव, जालोर)
(B) धापूबाई (असनावर, झालावाड़)
(C) कबू (इण्डारा, बाड़मेर)
(D) महावीर प्रसाद मीणा (जयपुर)

3. **राजस्थान** सरकार द्वारा 'महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय' की स्थापना कहां की जा रही है?
(A) जोधपुर (B) उदयपुर
(C) बीकानेर (D) जयपुर

4. **प्रदेश** में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल 10 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में कौन-सी योजना चलाई जा रही है?
(A) डॉ. अंबेडकर ग्रामोत्थान योजना
(B) बाबा साहेब अंबेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना
(C) मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता योजना
(D) राजस्थान जनजाति विकास योजना

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक वनस्पति प्रजाति' के तहत डीग जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) अर्जुन (B) अमलतास
(C) नीम (D) कदम्ब

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत 19 से 22 अगस्त 2026 तक ब्रिक्स देशों के पर्यटन कार्य समूह और पर्यटन मंत्रियों की बैठक कहां आयोजित हो रही है?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine